स्टाफ पिकनिक

सेन्ट मोन्टफोर्ट स्कूल पटेल नगर भोपाल के प्रायमरी एवं सीनियर विभाग के सभी शिक्षक शिक्षकाओं को क्रीसेन्ट वाटर पार्क सीहोर' में पिकनिक हेतु ले जाया गया। पिकनिक के इस समूह में सभी शिक्षक –शिक्षिकाओं के साथ सभी भैया – दीदी तथा लिपिक वर्ग के लोग थे।

पिकनिक समूह में 118 लोग शामिल थे। विद्यालय के प्राचार्य ब्रदर मोनाचन ,उपप्राचार्य ब्रदर जॉन मिन्ज कोऑर्डिनेटर ज्योति मैम, सिस्टर एनलिट , सिस्टर निकिता आदि सुबह 9 बजे विद्यालय परिसर से तीन बसों के द्वारा पिकनिक स्थल के लिए रवाना हुए। सभी शिक्षक – शिक्षिकाएँ बहुत उत्साहित थे प्रसन्न मन से सभी वाटर पार्क पहुँचे । क्रीसेन्ट पहुँचते ही स्वादिष्ट अल्पाहार से पिकनिक का आरम्भ हुआ। इसके बाद सभी अपने वस्त्र बदल कर पूल में आनंद लेने लगे। विद्यालय के कैमरे के द्वारा इन यादगार पलों को कैद किया गया। सभी लोगों ने मिलकर '' रेन – डान्स' इन्जॉय किया। कुछ लोगों ने पूल में तैराकी के जौहर दिखाए। विभिन्न राइड्स में आंनद लेते हुए दोपहर 2 बजे सभी ने भोजन किया। भोजन की व्यवस्था विद्यालय के द्वारा क्रीसेन्ट पार्क में की गई थी। स्वादिष्ट एवं पौष्टिक भोजन की सभी ने प्रशंसा की। एम्यूजमेन्ट पार्क में सभी ने झूलों का आनंद लिया। इसी बीच विद्यालय प्राचार्य पूरे पार्क का भ्रमण कर शिक्षक शिक्षिकाओं की सुरक्षा का ध्यान रख रहे थे। शाम 3:30 बजे सभी ने स्वल्पाहार के साथ चाय कॉफी का आन्नद लिया। कोऑर्डिनेटर ज्योति मैडम ने ब्रदर मोनाचन को धन्यवाद देते हुए कहा कि सभी शिक्षकों के व्यस्त क्रिया कलापों के बाद इस पिकनिक ने सभी को नई ऊर्जा से भर दिया। शाम 4 बजे सभी अपनी बसों में सवार होकर विद्यालय वापस आ गए। वापस आकर सभी ने पिकनिक कमेटी के सदस्य कैलाश सर, ममता मैडम संजू सर रनजी सर , को धन्यवाद कहा।